भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1731
दिनांक 15 दिसम्बर 2025

ऊर्जा संक्रमण सलाहकार समिति का गठन

1731 # **श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकियाः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने स्वच्छ और सतत ऊर्जा स्रोतों की दिशा में उर्जा संक्रमण की नीतियां तैयार करने हेतु ऊर्जा संक्रमण सलाहकार समिति का गठन किया है, यदि हां, तो समिति के गठन का उद्देश्य और दायरा क्या है;

(ख) क्या समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत की है, यदि हां, तो दिए गए सुझावों तथा इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या समिति के नीतिगत सुझावों में, मिथेनॉल और एथेनॉल का रसोई ईंधन हेतु उपयोग या सौर ऊर्जा द्वारा कुकिंग प्रणाली को बढ़ावा देना शामिल हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) ऊर्जा बदलाव सलाहकार समिति (ईटीएसी) को ऊर्जा बदलाव के लिए चल रही अलग-अलग पहलों को ध्यान में रखने और वर्ष 2070 तक भारत की निवल ज़ीरो प्रतिबद्धता हासिल करने के लिए कार्य योजना तैयार करने के उदेश्य के साथ बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है इसमें,अन्य बातो के साथ-साथ, हाइड्रोजन, बायोफ्यूल, जियोथर्मल, टाइडल जैसे स्वच्छ ऊर्जा समाधान अपनाने, शहरी कचरे से बनी संपीड़ित बायोगैस के साथ लिक्विड पेट्रोलियम गैस को मिश्रित कराने, खाना पकाने के ईधन के तौर पर मेथनॉल और इथेनॉल का इस्तेमाल करने, सौर-आधारित खाना पकाने की प्रणाली को बढ़ावा देने आदि पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ईटीएसी की कई सिफारिशें हैं जिनमें, अन्य बातो के साथ-साथ, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन बनाना, गैर-खाद्य फीडस्टॉक से इथेनॉल बनाने की प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना, ओएमसी डिपो पर इथेनॉल को संभालने के लिए अलग अवसंरचना, पीएम-जीवन योजना के तहत एसएएफ को शामिल करना, 3-6 महीने के लिए लंबे समय की संविदा शुरू करके गैस एक्सचेंज को मज़बूत करना, पर्यावरण के लिए संधारणीय सौर आधारित खाना पकाने का समाधान, जैसे सूर्य नूतन का इस्तेमाल करना आदि शामिल हैं।

*****